(46

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0स0ब0पदा0 (फर्जी अभिलेख)– 03/2022 524 पटना, दिनांक 05-03-2022

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 10112 दिनांक 30.06.2020 द्वारा श्री मो0 अख्तर अली, (Emp. ID- ASO00152) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित बी0टेक0 सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 179 दिनांक 25.01.2022 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान को भेजे गए पत्र के आलोक में सहायक कुलसचिव, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी अपने पत्रांक – गो0/एस0एफ0एस0/16058 दिनांक 03.02.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि **''बी0टेक0 सिविल इंजीनियरिंग वर्ष–2009 के सत्यापन के संबंध में अवगत कराना है कि उक्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में संचालित नहीं है एवं प्रमाण पत्र फर्जी है।''** एतद् संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप श्री मो0 अख्तर अली ने फर्जी बी0टेक0 सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई।

उपरोक्त तथ्यों एवं प्राप्त स्पष्टीकरण में इनके द्वारा कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को वैध ठहराता हो। संबंधित संस्थान के सत्यापन प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि श्री मो0 अख्तर अली, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी संविदा पद पर गलत/फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हो गये हैं। अतः प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन तथा प्रकाशित विज्ञापन में Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री मो0 अली, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, संविदा कर्मी का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 4/3/22

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0स0ब0पदा0 (फर्जी अभिलेख)– 03/2022 524 पटना, दिनांक 05-03-22

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशित किया जाता है कि :–

1. फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजित कर्मी से अब तक की भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु कार्रवाई करें।
2. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियोजन प्राप्त करने एवं अन्य संगत आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें।

4/3/22

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0स0ब0पदा0 (फर्जी अभिलेख)– 03/2022 524 पटना, दिनांक 05-03-22

प्रतिलिपि : श्री मो0 अख्तर अली, (Emp. ID- ASO00152) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया (E-mail ID : shoab.akhtar221@gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

4/3/22

D:\Satish-2022\Bablu Sir\Order\03-2022-28-02-2022.doc